Title: Need to provide financial assistance to Government of Rajasthan for providing rope-way at certain places in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, जयपुर में नाहरगढ़, जयगढ़ गन्ता, गणेशगढ़ ऐसे स्थान हैं जहां बिना रोप-वे के जाना कठिन कार्य है। हरिद्वार में मंसा माता के मंदिर की भांति इन स्थानों पर रोप-वे लगाया जाना बहुत ही आवश्यक है। इस कार्य के पूरा करने के लिए जयपुर नगर निगम, राज्य सरकार भी सहयोग करने के लिए तैयार है।

मेरी केन्द्रीय सरकार से मांग है कि जयपुर में उपरोक्त स्थानों पर रोप-वे लगाए जाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करें।